भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 870

जिसका उत्तर 04.12.2025 को दिया जाना है

डिजिटल-राजमार्ग पहल

870. श्री मनोज कुमार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने रियल टाइम मॉनिटरिंग, स्मार्ट टोलिंग, वाहन टू इंफ्रास्ट्रक्चर (वी2आई) सिस्टम और सड़कों के डेटा-संचालित परिसंपत्ति प्रबंधन का उपयोग करके राष्ट्रीय राजमार्गों को इंटेलिजेंट मोबिलिटी कोरिडोर में बदलने की शुरुआत की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) बिहार में (जनजातीय/दूरदराज के जिलों सहित) राजमार्ग पैकेजों की संख्या कितनी है जिन्हें इस डिजिटलीकरण पहल के तहत चुना गया है और इसके लिए कितना बजट निर्धारित किया गया है;

(ग) क्या जियोटैग्ड रखरखाव, स्मार्ट टोल और रिमोट मॉनिटरिंग जैसी प्रौद्योगिकियों का परीक्षण करने के लिए जनजातीय/पिछड़े/एससी क्षेत्रों में प्रायोगिक परियोजनाएं हैं और यदि हां, तो इसके क्या परिणाम रहे हैं; और

(घ) क्या सरकार ने सभी नए राष्ट्रीय राजमार्ग गलियारों में डिजिटलीकृत-राजमार्ग पहल को पूरी तरह शुरू करने के लिए एक समय-सीमा तय की है और जनजातीय/पिछड़े/एससी जिलों द्वारा विश्लेषणात्मक प्रगति की पहली प्रगति रिपोर्ट (2025-26) सामने आएगी?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी, हां सरकार 4-लेन विन्यास और उससे अधिक के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों पर केंद्रीय निगरानी स्थानों के साथ टॉवर और गैंट्री पर लगे इंसिडेंट-डिटेक्टिंग लगाने और गति-निगरानी कैमरों की एक ग्रुप पर आधारित उन्नत यातायात प्रबंधन प्रणाली शुरू करना चाहती है। यह इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजी का उपयोग करते हुए मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम पर आधारित बैरियर-लेस टोलिंग भी शुरू कर रहा है, विशेष रूप से एआई एनालिटिक्स के साथ स्वचालित नंबर प्लेट रिकॉग्निशन (एएनपीआर), मौजूदा आरएफआईडी आधारित इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन (फास्टैग) के साथ जोडा गया है। चयनित शुल्क प्लाजा पर फास्टैग+एएनपीआर/एआई बैरियर-मुक्त उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली को लागू करने के लिए प्रस्ताव (आरएफपी) का अनुरोध आमंत्रित किया गया है/अंतिम रूप दिया गया है (अनुबंध में संलग्न सूची), इन परियोजनाओं पर कार्यान्वयन के परिणामों और प्रभावकारिता के आधार पर चरणबद्ध तरीके से इसे अन्य शुल्क प्लाजा पर इसे लागू करने की संभावना है।

डेटा संचालित परिसंपत्ति प्रबंधन के लिए, सरकार समय-समय पर नेटवर्क सर्वेक्षण वाहन (एनएसवी) सर्वेक्षण, ड्रोन सर्वेक्षण, दृश्य निरीक्षण, डैशबोर्ड कैमरा सर्वेक्षण (खरीद के तहत), आदि कर रही है। इससे राष्ट्रीय राजमार्गों के फुटपाथ और अन्य परिसंपत्तियों की स्थिति का आकलन और निगरानी की जा सकती है ।

इसके अलावा, सड़क सुरक्षा में सुधार और सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए, संचार मंत्रालय में सरकार ने राष्ट्रीय आवृत्ति आवंटन योजना (एनएफएपी-2025) के तहत इंटेलिजेंट परिवहन प्रणाली (वी2एक्स) के उपयोग के लिए 5875-5925 मेगाहर्ट्ज (50 मेगाहर्ट्ज) निर्धारित किया है।

(ख), (ग) और (घ) राष्ट्रीय राजमार्गों पर डिजिटल पहल कॉरिडोर-आधारित आवश्यकता मूल्यांकन के आधार पर एक निरंतर प्रक्रिया होने जा रही है और इसका कोई विशिष्ट राज्य-वार/क्षेत्र-वार लक्ष्य नहीं है।

अनुलग्नक I

डिजिटल-राजमार्ग पहल के संबंध में श्री मनोज कुमार द्वारा दिनांक 04.12.2025 को पूछे गए लोक सभा के अतारांकित प्रश्न संख्या 870 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

क्र.स.	शुल्क प्लाजा का नाम	कॉरिडोर का नाम	स्थिति
1.	चोर्यासी शुल्क प्लाज़ा	भरूच-सूरत (एनएच-8)	सौंप दिया गया
2.	घरौंदा शुल्क प्लाजा	पानीपत -जालंधर (एनएच-44)	सौंप दिया गया
3.	मनोहरपुरा शुल्क प्लाजा	दिल्ली-जयपुर (एनएच-48)	सौंप दिया गया
4.	शाहजहांपुर शुल्क प्लाजा	दिल्ली-जयपुर (एनएच-48)	सौंप दिया गया
5.	दौलतपुरा शुल्क प्लाजा	दिल्ली-जयपुर (एनएच-48)	सौंप दिया गया
6.	यूईआर-II	यूईआर-II (एनएच-344एम और 344पी)	सौंप दिया गया
7.	बिजवासन और कुकरौला शुल्क प्लाजा (खेड़की में शिफ्ट किया गया) दौला	द्वारका एक्सप्रेसवे (एनएच-248BB)	बोलियाँ आमंत्रित
8.	कनिमिनिके शुल्क प्लाज़ा	बैंगलोर-मैसूर राजमार्ग	बोलियाँ आमंत्रित
9.	शेषगिरिहल्ली शुल्क प्लाजा	बैंगलोर-मैसूर राजमार्ग	बोलियाँ आमंत्रित
10.	गणनगुरु शुल्क प्लाजा	बैंगलोर-मैसूर राजमार्ग	बोलियाँ आमंत्रित
11.	नेमिली शुल्क प्लाजा (श्रीपेरंबदूर)	वालजापेट - पूमल्ले (एनएच-48)	बोलियाँ आमंत्रित
12.	चेन्नासमुद्रम शुल्क प्लाजा	वालजापेट - पूमल्ले (एनएच-48)	बोलियाँ आमंत्रित
13.	परनूर शुल्क प्लाजा	ताम्बरम - तिंडीवनम (एनएच-32)	बोलियाँ आमंत्रित
14.	बोरियाच शुल्क प्लाज़ा	सूरत- दहिसर (एनएच-48)	बोलियाँ आमंत्रित
15.	अमाकथाडु शुल्क प्लाजा	हैदराबाद - बैंगलोर (एनएच-44)	बोलियाँ आमंत्रित
16.	कासेपल्ली शुल्क प्लाजा	हैदराबाद - बैंगलोर (एनएच-44)	बोलियाँ आमंत्रित
17.	मारुर शुल्क प्लाज़ा	हैदराबाद - बैंगलोर (एनएच-44)	बोलियाँ आमंत्रित

*****